Sir Chhotu Ram Govt. College for Women, Sampla

Beri Road, Opp. Tehsil, PIN Code:124501

(NAAC Accredited and Affiliated to M.D. University, Rohtak)

Website: scrgcwsampla.ac.in E-Mail: gcwsampla@gmail.com&gcwsamplainformation@gmail.com

एलुमनाई मीट रिपोर्ट (14-03-2026)

आज दिनांक 14-03-2026 को सर छोटूराम राजकीय महिला महाविद्यालय, सांपला द्वारा वर्ष 2025-26 की एलुमनाई मीट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व छात्राओं को महाविद्यालय से पुनः जोड़ना तथा उनके अनुभवों से वर्तमान छात्राओं को लाभांवित करना था। इस एलुमनाई मीट में लगभग 120 पूर्व छात्राओं ने भाग लिया। इस एलुमनाई मीट के दौरान 111 छात्राओं का पंजीकरण किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या मोहदया डॉ. संतोष हुड्डा ने सभी अतिथियों एवं पूर्व छात्राओं का स्वागत किया तथा अपने संबोधन में एलुमनाई के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एलुमनाई महाविद्यालय की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जिसके माध्यम से आप अपने महाविद्यालय से जीवन भर जुड़े रह सकते हैं तथा महाविद्यालय की प्रगति के लिए निरंतर सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व छात्राएं वर्तमान छात्राओं को करियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करती हैं तथा महाविद्यालय को विभिन्न संसाधनों एवं अनुभवों के रूप में सहयोग प्रदान करती हैं।

एलुमनाई सदस्याओं ने अपने-अपने अनुभव साझा किए और बताया कि किस प्रकार महाविद्यालय में प्राप्त शिक्षा ने उनके जीवन को दिशा दी। उन्होंने वर्तमान छात्राओं को प्रेरित किया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया। एलुमनाई सदस्याओं डॉ. नीरज, डॉ. इंदु बाला एवं श्रीमती अंजलि ने महाविद्यालय में बिताए अपने पलों को याद किया और अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने छात्रों को सकारात्मक सोच रखने तथा कठिनाइयों का सामना करते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी ।सकारात्मकता हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है और हमें हर कार्य को सफलतापूर्वक करने के लिए ऊर्जा प्रदान करती है।

इस कार्यक्रम का आयोजन एलुमनाई कमेटी की संयोजिका डॉ. रितु व एलुमनाई कमेटी के सदस्यों डॉ. रेखा रानी, डॉ. मीना कुमारी, डॉ. नीलम, डॉ. इंदु बाला, डॉ. नीतू व डॉ. जगबीर की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण डॉ. चंद्रशेखर, डॉ. प्रीतम, डॉ. पदमा दलाल, डॉ. सुप्रिया ढुल, डॉ. अनिल एवं डॉ. मीनाक्षी भी उपस्थित रहे।

यह एलुमनाई मीट अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रही। इस कार्यक्रम ने पूर्व छात्राओं और वर्तमान छात्राओं के बीच एक सशक्त संबंध स्थापित किया तथा महाविद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु प्राचार्या महोदया, सभी स्टाफ सदस्यों एवं एलुमनाई कमेटी एवं एलुमनाई सदस्याओं का विशेष धन्यवाद किया गया।

Ritu 14/3/26

संयोजिका
एलुमनाई कमेटी

Santosh 14/3/26

प्राचार्या,
सर छोटू राम राजकीय महिला
महाविद्यालय सांपला (रोहतक)